(c) In the wake of representations received from certain parts of the country, including Andhra Pradesh, regarding stocks of cotton with the farmers, Government has authorised the Cotton Corporation of India to meet the requiements of cotton of some of our neighbouring countries like Nepal, Bangladesh, and Sri Lanka, in the context of bilateral trade agreement upto 30,000 bales.

गुजरात के बुनकरों को सूती धागे की सप्लाई और सहायता

2669. **श्री राजूभाई ए० परमार** : क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार का गुजरात को प्रतिमाह सूती धागे की गांठें सप्लाई करने का विचार है ;

(ख) यदि हां, तो क्या गुजरात के बुनकरों को इस समय सूती धागे की उक्त मात्रा उपलब्ध कराई जा रही है ;

(ग) क्या सूती धागे, रंगों और रसायनों के मूल्यों में असाधारण वृद्धि हुई है, जिसके परिणामस्वरूप बुनकरों के लिये सरकारी सहायता के बिना ये वस्तुयें खुले बाजार से खरीदना असंभव हो गया है ;

(घ) यदि हां, तो क्या केन्द्रीय सरकार ने हथकरघा बुनकरों को भुखमरी की दयनीय स्थिति से बचाने के लिये कोई कदम उठाये हैं ; और

(ङ) पिछले तीन वर्षों के दौरान गुजरात के बुनकरों को केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रति वर्ष कितनी सहायता दी गई थी ?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अशोक गहलोत) (क) गुजरात के बुनकरों को प्राइवेट साधनों के अतिरिक्त केंद्र सरकार से वित्तीय सहायता प्राप्त कई राज्य अभिकरणों द्वारा सूती धागे की सप्लाई की जा रही है। राज्य हथकरघा अभिकरणों के सूत आपूर्ति के कार्यकलापों में राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम भी योगदान दे रहा है।

(ख) जी हां।

(ग) सूत, रंजक व रसायन के मूल्यों में हुई वृद्धि से इनके व्यापार में असर पड़ा है लेकिन इनकी निकासी से यह पता लगता है कि बुनाई कार्यकलाप चल रहे हैं यद्यपि बुनाई कार्यकलापों की गति कुछ कम है। सूत और रंजक व रसायन की कमी की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।

(घ) गुजरात में कार्यशाला-सह-आवास योजना, शिफ्ट फंड योजना, विपणन विकास सहायता योजना, जनता कपड़ा योजना और विशेष पैकेज योजना जैसी कई योजनाओं का कार्यान्वयन किया जा रहा है। अहमदाबाद में स्थित बुनकर सेवा केंद्र बुनकरों को उनके उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के उद्देश्य से सुधरे हुए डिजाइन उपलब्ध करवा रहा है। अभी हाल ही में मिल-रेट मूल्यों पर सूत की आपूर्ति की एक योजना आरंभ की गई है जिसके अंतर्गत देश के हथकरघा बुनकरों को जिनमें गुजरात के बुनकर भी शामिल हैं वर्ष 1992-93 के दौरान 10 मिलियन किलोग्राम सूत सप्लाई किया जाएगा।

(ङ) हथकरघा के विकास के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए राज्य को ठोस सहायता दी गई है जिसका विवरण इस प्रकार है :-

(लाख रुपयों में)

वर्ष	दी गई सहायता
1989-90	641.38
1990-91	634.24
1991-92	141.84